तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
एक भवन में ही चल रहे हैं एलोपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सालय



## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी सरोज आज भरतपुर सोनहत जाएंगी

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय अपने चुनावी दौरे के तहत 22 अप्रैल को मनेन्द्रगढ़ जिले के दौरे में रहेंगी। इस दौरान वे विभिन्न क्षेत्रों में सभा लेकर आम जनता को संबोधित करेंगी। उनके दौरे कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9.15 बजे भरतपुर सोनहत विधानसभा के पहाड़पारा चौक में उनका स्वागत कर रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही 9.30 बजे कटगोड़ी चौक में स्वागत, प्रातः 10.15 बजे कैलाशपुर पहुंचेंगी जहां कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। 10.30 बजे वे सोनहत पहुंचेंगी, जहां उनका संगठन के द्वारा स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। 10.45 बजे ग्राम पोड़ी में स्वागत सभा आहूत की गई है। जहां सरोज पाण्डेय सभा को संबोधित करेंगी। 11.15 बजे भैंसवार में स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 2 बजे ग्राम घाघरा पहुंचेंगी, जहां सतपाल महाराज उनके कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### विज्ञापन जारी करने के पूर्व प्रमाणन लेना अनिवार्य

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों को समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी, पोर्टल, फेसबुक, यूट्यूब आदि में विज्ञापन जारी करने के पूर्व प्रमाणन लेना अनिवार्य है। कोरबा जिले के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति जीएसटी भवन कलेक्ट्रेट कोरबा में संचालित है।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कल से

**हरदीबाजार।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह ग्राम भलपहरी में 23 अप्रैल को कलशयात्रा से आरंभ होकर 30 अप्रैल को पूर्णाहुति ब्रहामण भोज सहस्त्रधारा व प्रसाद वितरण के साथ विश्राम होगा। पं.श्री श्याम दुबे बांकीमोंगरा कथा व्यास पीठ से कथावाचक करेंगे। कथा दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक होगी। कथा आयोजक कोमल प्रसाद कश्यप श्रीमती बोधिन बाई कश्यप ने गांव व क्षेत्र से लोगों को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने व भोजन भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### हरदीबाजार में श्याम भजन का आयोजन 24 को

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार में श्याम भजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से प्रभु इच्छा तक पूज्य गुरुदेव नारायण महाराज के करकमलों के द्वारा संपन्न होगा। वहीं आयोजन में भजन सुर संध्या गायिका रुचिता तिवारी बिलासपुर व भजन गायक अभिषेक गर्ग शक्ति के द्वारा बाबा खाटूश्याम जी के भजन से भक्तों को भाव विभोर करेंगें। आयोजन श्रीमती धापा बाई अग्रवाल, जेपी होण्डा के संचालक जगदीश अग्रवाल व सारिका अग्रवाल ने क्षेत्र के सभी श्याम भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्याम संध्या भजनों का आनंद लेने का आग्रह किया है।





सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में चुनावी सभा में उपस्थित यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय, उद्योग मंत्री लखन देवांगन, ननकीराम कंवर और जनसमूह।

### अगर पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान देता है सफाई कि हमारा कोई हाथ नहीं

# कांग्रेस राज में भूखे मरते थे लोग, दस साल में बदला भारतः योगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा किपिछले 10 सालों में हमने बदलते भारत को देखा है। एक ऐसा भारत जिसका सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है जिसकी सीमाएं सुरक्षित हैं, एक ऐसा भारत जो नक्सलवाद और आतंकवाद के सामने घुटने नहीं टेकता है बल्कि उसको मुंहतोड़ जवाब देकर नेस्तनाबुत करने की माद्दा रखता है। एक ऐसा भारत जो अपने नागरिकों को सुरक्षा देता है तो संरक्षण भी देता है। याद कीजिए वर्ष 2014 के पहले किसान आत्महत्या करता था, जवान पलायन करता था, बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थी। उस समय कांग्रेस की सरकार थी,देश के अंदर आतंकवादी घुसकर बम विस्फोट करते थे। अब कहीं पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हमारा कोई हाथ नहीं है। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के लिए आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज सुबह जब उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ से छग के लिए प्रस्थान कर रहा था तब वहां के पत्रकार साथियों ने पूछा कि छग जाना चाहते हैं और वहां जाकर क्या कहना चाहते हैं।तब मैंने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। उन्होंने कहा कि कैसे ? तब मैंने कहा कि ऐसा कौन आदमी होगा जिसे अपना ननिहाल अच्छा नहीं लगता होगा। छत्तीसगढ़ हम यूपीवासियों का ननिहाल है। भगवान राम का ननिहाल और माता कौशिल्या का मायका है। इसीलिए तो 5 सौ वर्षों के इंतजार के बाद जब भगवान राम अयोध्या में विराजमान हुए तो सबसे अधिक उल्लास और उमंग अगर कहीं था तो वह छत्तीसगढ़ की धरती पर था। यह छत्तीसगढ़ की धरती है, जब भगवान राम को वनवास जाना पड़ा तो उन्होंने सबसे पहले छत्तीसगढ़ में शरण ली थी। छत्तीसगढ़ की इस धरती से ही भगवान राम ने भारत की धरती पर राम राज्य की कल्पना की थी। ⏭ शेष पेज 3 पर

### क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षित, तेजतर्रार सरोज को जिताना है

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीय नेत्री को यहां चुनाव मैदान में उतारा है जिससे इस क्षेत्र का विकास हो सके। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय शिक्षित हैं, तेजतर्रार हैं। इस ऊर्जा नगरी में विकास हो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरोज पांडेय को जिताना है। श्री योगी ने उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि आप लोग मोदी जी और सरोज पांडेय का प्रतिनिधि बनकर घर घर जाकर एक एक मतदाता से मिलना और 7 मई को भारतीय जनता पार्टी को वोट देने कहना। आपको एक एक वोट को मतदान केंद्र तक लाना होगा। इसलिए मैं आपके पास अयोध्या की पावन धरा और प्रभु श्रीराम की धरती से यह संदेश लेकर आया हूं।



### राम की प्राण प्रतिष्ठा का भी विरोध किया कांग्रेस ने

श्री योगी ने कहा कि हम जब रामलला आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे कहते थे तब वह राम मंदिर का विरोध करते थे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भी विरोध किया और अब कहते हैं कि राम सबका है। क्या कांग्रेस मंदिर बना पाती क्या कांग्रेस सुरक्षा दे पाती न सुरक्षा देती न विकास। कांग्रेस समाज को बांटने का काम करती है और कुछ नहीं मिलता तो प्रधानमंत्री मोदी को कोसने का काम करती है। देश के अंदर एक आवाज है, पहले चरण में 102 सीटों पर चुनाव हो चुका है। सभी 102 सीटों में एक ही आवाज सुनाई दी कि अबकी बार 4 सौ पार। कोरबा लोकसभा से इस बार भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलानी है।

### कोरबा लोकसभा में 4 लाख पार : लखनलाल

आमसभा के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएम योगी आदित्यनाथ को भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में रामलला की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पूरे देश के लोग ऐसे यशस्वी मुख्यमंत्री जिनकी बात को सुनने के लिए लालायित रहते हैं। वे हमारे सामने हैं इसलिए मैं ज्यादा समय नहीं लेते हुए बस यही कहूंगा कि हम सबने जो संकल्प लिया है कि अबकी बार बीजेपी सरकार और 4 सौ पार तो कोरबा लोकसभा से भी सरोज दीदी को 4 लाख पार ले जाना है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी भी उपस्थित रहे।

# मार्केटिंग कंपनी ने बंधक बनाकर रखा था युवकों को, किया गया रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक मार्केटिंग कंपनी बेरोजगार युवकों को बड़े बड़े सब्जबाग दिखाकर उन्हें ट्रेनिंग देने के बहाने बंधक बनाकर रख लिया था। मामला सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा की है। यहां जीटीके मार्केटिंग नामक कंपनी का संचालन किया जाता है जहां बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के नाम पर कंपनी ने रखा हुआ है। एक सप्ताह से विभिन्न क्षेत्रों के युवा यहां पर सामानों को बेचने की तकनीक सिखाने के लिए रखे गए हैं। विष्णु और शेखर नामक युवकों के द्वारा मार्केटिंग कंपनी का विज्ञापन देकर इन युवकों को झांसे में लिया गया। प्रत्येक व्यक्ति से 18 हजार रुपए वसूल किए गए। इन लोगों को काम करने के बदले ऊंचा वेतन देने की बात कही गई थी लेकिन ना तो उन्हें ऊंचा वेतन मिला और ना ही उनके द्वारा दिए गए रकम को वापस किया गया। ऐसे में सावन कुमार और रितिक ने जब यहां से अपने घर लौटने का इरादा बनाया तो उन्हें बंधक बना लिया गया और निगरानी तेज कर दी गई। किसी तरह उन्होंने अपनी बात पुलिस तक पहुंचाई जिसके बाद मार्केटिंग कंपनी के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के युवकों को प्रशिक्षण के बहाने यहां लाये जाने की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस हरकत में आई और खरमोरा में इस ठिकाने का जायजा लिया। इस दौरान पूछताछ में पता चला कि प्रशिक्षण लेने वाले कई युवकों की उम्र तो 17 वर्ष के आसपास ही है। पुलिस ने मार्केटिंग कंपनी से पूछताछ की तो जीटीके मार्केटिंग कंपनी के लिए काम करने वाले बिलासपुर निवासी जितेंद्र से पूछताछ में उसने प्रशिक्षण के नाम पर 18 हजार रुपए लेने की बात स्वीकार की और बताया कि घरेलू उपयोग में आने वाले सामानों की बिक्री करने का प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है। अगर कुछ दिन के बाद कोई व्यक्ति जाना चाहता है तो उसे अंतर की राशि देने की व्यवस्था है। जितेंद्र ने यह भी बताया कि जो लोग यहां बुलवाए गए हैं उसके लिए किसी प्रकार का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया है।



जांच पड़ताल करती पुलिस की टीम।




### तेज गर्मी को देखते हुए शासन ने जारी किए आदेश

# बच्चों को राहत, शिक्षकों की लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी के मद्देनजर राज्य शासन ने सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 22 अप्रैल से घोषित कर दिया है। अब स्कूल 15 जून को ही खुलेंगे। पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी के कारण अभिभावकों की मांग थी कि स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए। वहीं जिला प्रशासन ने भी स्कूलों के अवकाश को लेकर अपनी रिपोर्ट शासन को भेजी थी। शासन के आदेश से 22 अप्रैल से सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है, किंतु शिक्षकों को स्कूल आना पड़ेगा।



तेज गर्मी के कारण स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में संशोधन करते हुए सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक किया था, लेकिन बीते एक सप्ताह से दिन का तापमान जिस तेजी से बढ़कर 42 डिग्रीसेल्सियस तक पहुंचा, उसे सुबह 8 बजे से ही सूर्य की तेज किरणों के साथ गर्मी का असर पड़ने लगा था और इसी समय स्कूल लगने का समय निर्धारित होने के कारण तेज गर्मी के बीच छात्र स्कूल जा रहे थे। इनमें एलकेजी से लेकर प्री प्राईमरी स्कूल के बच्चे भी शामिल हैं, जिनके स्वास्थ्य में असर पड़ने लगा था। तेज गर्मी की वजह से छोटे बच्चे लू के शिकार होने लगे थे। शहर के निजी चिकित्सालयों में भी बच्चों को लू लगने जैसी शिकायतें ज्यादा आने लगे हैं। इधर अभिभावकों ने भी अपने स्तर पर शासन प्रशासन से तेज गर्मी को देखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित करने की गुजारिश की थी। राजधानी स्तर में निजी स्कूलों के एसोसिएशन ने स्वयं शासन से स्कूलों में अवकाश घोषित कराने की मांग रखी थी। स्थानीय स्तर पर भी जिला प्रशासन से पहल करने की मांग की गई थी। रविवार दोपहर बाद राज्य शासन ने एक आदेश जारी कर सभी शासकीय अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में 22 अप्रैल से ⏭ शेष पेज 3 पर



# पहले से भी ज्यादा वाइल्ड होगी 'एनिमल पार्क'...

**मुंबई।** रणबीर कपूर के करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म 'एनिमल' के बारे में लोग आज भी बात करना बंद नहीं करते। इस मूवी ने बतौर एक्टर रणबीर का रुतबा तो बढ़ाया ही, साथ ही बॉबी देओल का खोया स्टारडम भी वापस लौटाया। अब रणबीर इस मूवी के सीक्वल 'एनिमल पार्क' को लेकर चर्चा में हैं। अब तक यही जानकारी सामने आई है कि 'एनिमल पार्क' में पहले से ज्यादा डार्क कंटेंट देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, 'रामायण' फिल्म के लिए खुद को तैयार करने में बिजी है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान 'एनिमल' को बनाने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल पार्क' को लेकर एक अपडेट दी है।

लाइफ Style



# दिशा

## वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाई तबाही

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की सुपर हॉट एक्ट्रेस दिशा पाटनी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्मों में अपने हुस्न का जलवा दिखाने वालीं दिशा पाटनी ने अदाकारी और एक्शन से भी लोगों का दिल जीता है।

बी टाउन की ये खूबसूरत अदाकारा आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी मदहोश करने वालीं फोटोज शेयर करती हैं। कातिलाना अदाओं से लोगों का दिल जीतने वालीं दिशा पाटनी ने इस बार हॉटनेस से भरी अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस बॉडी स्विमसूट में दिलकश अदाओं का जलवा कैमरे के सामने दिखाती नजर आ रही हैं। दिशा का ये वीडियो देख यूजर्स खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए।

इस वीडियो में दिशा पाटनी कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं। वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। फैंस ने उनकी ब्यूटी के साथ ही उनके कॉन्फिडेंस की भी तारीफ की है। दिशा का ये वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो में दिशा पाटनी गोल्डन कलर के बॉडीकॉन सूट में नजर आ रही हैं। खुले बाल और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस की ब्यूटी देखने लायक बन रही है। बी टाउन की इस गॉर्जियस एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें, तो फैंस उन्हें 'वेलकम टू द जंगल' में देखेंगे। ये मल्टी स्टार कास्ट वाली फिल्म होगी, जिसमें अक्षय कुमार, रवीना टंडन, संजय दत्त सहित कई कलाकार होंगे।

हॉलीवुड मसाला

# अमेरिकन आइडल फेम नहीं रहीं




**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन आइडल स्टार और ग्रैमी विजेता स्टार मैंडिसा का 47 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह फ्रैंकलिन, टेनेसी में अपने घर पर संदिग्ध हालात में मृत पाई गईं। मैंडिसा के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके निधन की जानकारी दी गई है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इस खबर से मैंडिसा के फैंस काफी दुखी हो गए हैं। मैंडिसा ने 'अमेरिकन आइडल 5' में हिस्सा लिया था, इसके साथ ही वह ग्रैमी अवॉर्ड विनर भी थीं।



# एक सीन को फिल्माने में लग गए 78 दिन...

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है यह बात सबको पता है। निर्माण के दौरान एक सीन को फिल्माने के लिए ना जाने कितने ही टेक देने होते हैं। कभी-कभी यह एक टेक में भी पूरा हो जाता है और कभी-कभी यह काफी समय ले लेता है। यह बात हॉलीवुड की फिल्म 'मैड मैक्स' की प्रीक्वल 'फ्यूरियोसा' ने सिद्ध कर दी है। फिल्म के एक 15 मिनट के सीन को फिल्माने के लिए 78 दिन लग गए। एक साक्षात्कार के दौरान फिल्म के निर्देशक जॉर्ज मिलर ने इसका खुलासा किया। फिल्म के निर्देशक ने हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि फिल्म के एक 15 मिनट के एक्शन सीन को फिल्माने के लिए सेट पर रोज 200 स्टंटमैन मौजूद रहते थे।



# दोहराया अजय का आइकॉनिक पोज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही फिल्मेकर रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगी। इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इस बीच रोहित शेट्टी ने फिल्म के सेट से दीपिका पादुकोण की एक तस्वीर शेयर की है। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें दीपिका पादुकोण पुलिस यूनिफॉर्म में दिखाई दे रही हैं। रोहित शेट्टी द्वारा शेयर की गई तस्वीर में दीपिका पादुकोण अजय देवगन का आइकॉनिक 'सिंघम स्टेप' करती नजर आ रही हैं। रोहित शेट्टी ने तस्वीर शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा है- 'माई हीरो...रील में भी और रियल में भी, लेडी सिंघम!!!' रोहित शेट्टी के कॉपवर्स में दीपिका पहली फीमेल कॉप होंगी। रोहित ने पिछले साल फिल्म के इस किरदार को लोगों के सामने पेश किया था।



# शाहिद दमदार लुक में आएंगे नजर...

**मुंबई।** 'इश्क विश्क' से बालीवुड में कदम रखने वाले शाहिद कपूर को इंडस्ट्री में 21 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होनें कई बेहतरीन किरदारों को परदे पर जीवंत किया। पिछले कुछ सालों में अपनी फिल्मों के चयन के जरिए उन्होनें एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में वह 'फर्जी' वेब सीरीज में दिखे थे। फिलहाल वह एक्शन थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच शाहिद ने फिल्म के सेट से अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की है। इसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। शुक्रवार को शाहिद ने अपनी आगामी फिल्म 'देवा' के सेट से खुद की एक तस्वीर साझा की। इसमें वह चश्मा लगाए कार में बैठे कैमरे से दूर कहीं देखते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होनें लिखा, 'आज का मूड'!

टीवी मसाला

# शहनाज गिल ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें...

**मुंबई।** पंजाब की कैटरीना के नाम से फेमस शहनाज गिल को सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से एक खास पहचान मिली थी। इस शो के बाद शहनाज ने शोहरत हासिल की जिसे पाने के लिए लोग सालों मेहनत करते हैं। आज शहनाज बॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। शहनाज ने अब तक के करियर में कई म्यूजिक वीडियोज के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। शहनाज गिल ने हाल ही में अपना लेटेस्ट फोटोशूट कराया है, जो बेहद बोल्ड है। इन तस्वीरों को शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर फैंस की आंखें फटी की फटी रह गईं। तस्वीरों में आप देख सकते है कि शहनाज ने ब्रालेस होकर ब्लैक कलर का लेदर का कोट पहना हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फ्रंट ओपन जालीदार स्कर्ट पहनी है। इस स्कर्ट को उन्होंने आगे से पूरा ओपन कर रहा है, जिसकी वजह से वो हद से ज्यादा ही बोल्ड नजर आ रही हैं। हर तस्वीर में शहनाज ने अलग-अलग अंदाज में पोज दिए।



## फराह के घर सजी सितारों की महफिल

**मुंबई।** फिल्मेकर और कोरियोग्राफर फराह खान इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं। वह हर दिन अपने इंस्टाग्राम पर कुछ ना कुछ पोस्ट करती रहती हैं। अब फराह ने अपने घर की एक पार्टी का वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान के घर में बॉलीवुड सितारों की महफिल सजी हुई है। फराह खान ने पार्टी की जो क्लिप शेयर की है उसमें जावेद अख्तर, अनु मलिक, सोनू निगम, राजकुमार राव, पत्रलेखा, साजिद खान, हुमा कुरैशी, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ, सलीम मरचेंट जैसे सितारे नजर आए। इन्हीं सितारों के बीच, दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम को भी फराह खान के घर स्पॉट किया गया। फराह खान की हाउस पार्टी में अनु मलिक और सोनू निगम ने मिलकर शाहरुख खान की मूवी 'मैं हू ना' का गाना 'किसका है ये तुमको इंतजार' गाकर लोगों का दिल जीत लिया।



# अच्छे प्रोजेक्ट के इंतजार में हैं परिणीति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित ये फिल्म अमर सिंह चमकीला और उनकी पत्नी अमरजोत कौर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में परिणीति ने अमरजोत का किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने हाल ही में फ्लॉप फिल्मों की वजह से कम काम मिलने को लेकर खुलकर बात की है। उन्हें उम्मीद है कि इंडस्ट्री में उनकी प्रतिभा को पहचाना जाएगा और उन्हें ऑफर आएंगे।परिणीति चोपड़ा ने एक बातचीत में कहा कि वह समान अवसर चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैं वहां मौजूद सभी निर्माताओं से अवसर चाहती हूं। बड़े निर्माता, बड़े स्टूडियो प्रमुख और बड़े निर्देशक अगर हमारी प्रतिभा को पहचानते हैं। अगर हमारी कड़ी मेहनत दिखती है, तो बस हमें वह अवसर दीजिए।



# एक नहीं दो बार छोड़ी 2 ब्लॉकबस्टर फिल्में

*__मुंबई।__ करीना कपूर खान अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'क्रू' की सक्सेस का सेलिब्रेट कर रही हैं। इस कॉमेडी ड्रामा को फैंस ने खूब पसंद किया। खैर, एक इंटरव्यू में संजय लीला भंसाली की 'राम लीला' छोड़ने पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह पहले इस फिल्म का हिस्सा थी। लेकिन उन्होंने छोड़ दिया और इसके बाद ही दीपिका पादुकोण आईं। करीना ने कहा, मैं लक में विश्वास करती हूं, और मेरा मानना है कि आपके जीवन में जो कुछ भी होना है वह किसी भी चीज के जरिए से होगा। करीना कपूर*



*खान ने आगे कहा, सब कुछ सितारों में लिखा है और सब कुछ हर किसी के लिए नहीं लिखा है। यह पहली बार नहीं था कि करीना ने भंसाली के साथ काम करने का मौका छोड़ा हो। करीना ने एक बार संजय लीला भंसाली को 'देवदास' करने से मना कर दिया। करीना को पारो का किरदार निभाना था, जिसे बाद में ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाया। करीना कपूर खान ने खुलासा किया था कि फिल्म के लिए साइनिंग अमाउंट देने के बावजूद संजय लीला भंसाली ने अचानक उन्हें रिप्लेस कर दिया था।*

## अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की फिल्म ने रचा इतिहास

# 500 करोड़ में बनी 'पुष्पा 2' ने रिलीज से पहले ही कमा लिए 1200 करोड़

**मुंबई।** एक ओर जहां टीजर रिलीज के बाद से हर कसिी की फिल्म को लेकर बेताबी बढ़ गई है, वहीं एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की इस फिल्म ने प्री-रिलीज कमाई में नया इतिहास रच दिया है। बताया जाता है कि 500 करोड़ के बजट में बनी 'पुष्पा 2' ने रिलीज से पहले ही 1200 करोड़ रुपए से अधकि की कमाई कर ली है!

### 570 करोड़ में बिके थएिटर राइट्स

रिपोर्ट में कहा गया है कि 'पुष्पा 2' के हिंदी डब वर्जन के लिए कथित तौर पर 200 करोड़ रुपए डील हुई है। इस बारे में हमने भी पहले खबर दी थी कि रवीना टंडन के पति अनिल थडानी ने उत्तर भारत में फिल्म के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए यह डील की है। जबकि नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षणि भारत में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 270 करोड़ रुपए में थिएटर राइट्स बिके हैं। जबकि विदेशी बाजार में भी 100 करोड़ या उससे अधिक में थएिटर्स राइट्स की डील पक्की हुई है। यानी फिल्म ने थएिटर में रिलीज के लिए हुए डील्स से ही 570 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।

*अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'सिंघम अगेन' के पोस्टपोन होने के बाद अब इसके सामने कोई बड़ी फिल्म भी नहीं है। ऐसे में अनुमान यही है कि यह फिल्म कमाई के नए रिकॉर्ड बनाएगी।*



### ओटीटी और ऑडियो-सैटेलाइट के लिए 750 करोड़ की डील

ओटीटी पर रिलीज के लिए 'नेटफ्लिक्स' ने भी कथित तौर पर 'पुष्पा 2' के स्ट्रीमिंग राइट्स 275 करोड़ रुपए में खरीद लिए हैं। यह किसी भी साउथ इंडियन फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। साथ ही पिछली बार फिल्म के सुपरहिट गानों को देखते हुए इस बार ऑडियो राइट्स भी ऊंचे दाम में बिके हैं। टीवी पर फिल्म की रिलीज के लिए सैटेलाइट राइट्स से करोड़ों की डील हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑडियो और सैटेलाइट्स राइट्स की डील से मेकर्स ने 450 करोड़ रुपए की कमाई की है।

### 1295 करोड़ रुपए हुई कमाई

इस तरह यदि प्री-रिलीज कमाई के इन सारे आंकड़ों को मिला दें तो यह 1295 करोड़ रुपए है। जाहिर तौर पर यह अब तक रिलीज किसी भी फिल्म के मुकाबले एक नया रिकॉर्ड है। जिस तरह 'पुष्पा 2' को लेकर बाजार का माहौल है, फैंस की जिस तरह की दीवानगी देखी जा रही है, यह कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म 15 अगस्त 2024 को जब बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी तो छप्परफाड़ कमाई करेगी।

## खबर संक्षेप

### तापमान का पारा 44 डिग्री के पार, सुबह से चल रहे लू के थपेड़े

**कोरबा।** तापमान का पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। सुबह से गर्म हवा के थपेड़े झुलसाने लगी है। लोग भीषण गर्मी से परेशान हो रहे हैं। सुबह सात बजे से अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। हवाएं भी चली। दिन चढने के साथ मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहा। सूर्य की तेज किरणों की वजह से धरती तपती रही। लोगों ने सुबह नौ से 10 बजे के पहले अपने सभी कार्य निपटाने के प्रयास में रहे। 11 बजे के बाद वातावरण और हवाएं गर्म हो गई। भीषण गर्मी के बीच गर्म हवाओं की वजह से घर से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इस कारण शहर पावर हाउस रोड, टीपी नगर, बुधवारी वीआईपी मार्ग, घंटाघर, कोसाबाड़ी सहित अन्य मुख्य मार्गो पर दोपहर में सन्नाटा पसरा रहा। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर, चेहरे को गमछा और स्कार्फ ढंककर बाहर निकले और छांव की तलाश करते रहें। मौसम विभाग ने रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया है। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री दर्ज किया गया था। हांलाकि मौसम विभाग ने दो दिनों के भीतर मौसम में बदलाव का अनुमान लगाया है।

### रोजगार व मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने रोका काम



**कोरबा।** एसईसीएल ने ग्राम अमगांव के आम रास्ता को काट दिया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फूट पड़ा और ग्रामीणों ने रास्ता को काटने के चल रहे काम को बंद करा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि ग्राम अमगांव के शेष बचे मुआवजा रोजगार बसाहट सहित वैकल्पिक रोजगार दिया जाए तथा पानी की विकराल समस्या से उन्हें तत्काल निजात दिलाने की व्यवस्था की जाए।

### नुक्कड़ नाटक से किया मतदाताओं को जागरूक




**हरदीबाजार।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो.अखिलेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में स्वीप एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम को महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी डॉ.एसकृष्णमूर्ति के तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ.केएन सिंह थे। उन्होंने छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक कुमारी चम्पा देवांगन एवं कल्याण सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई।

## मामला पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का

# गर्मी में उमस और गर्म हवा से जूझ रहे अस्पताल में दाखिल मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकार भले ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है, मगर पाली में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन की लापरवाही से मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नही मिल पा रहा है और इस विकासखण्ड क्षेत्र के लोग उचित स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर आज भी सीमावर्ती जिला बिलासपुर पर निर्भर है।

पाली का स्वास्थ्य केंद्र जरूरी दवाइयां व चिकित्सकों के अभाव में सिर्फ टीकाकरण केंद्र और गरीब गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने का माध्यम मात्र बन कर रह गया है। वर्तमान भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन अस्पताल प्रबंधक की उदासीनता से गर्मी में यहां भर्ती मरीजों का हाल बेहाल बना हुआ है। मरीज उमस और गर्म हवाओं के थपेड़े से जूझ रहे हैं। अस्पताल में पंखे बंद हैं और कूलर चल रहे हैं, लेकिन पानी नहीं होने से मरीजों को ठंडी हवा नहीं मिल रही है। गर्म हवाओं से उन्हें जूझना पड़ रहा है। के ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर तो है,



सीएचसी अस्पताल का वार्ड जहां दाखिल हैं मरीज।

लेकिन काफी समय से उसमे से ठंडा पानी उगलना छोड़ दिया है। महिला, पुरूष शौचालय में न ही अच्छे से पानी आ रहा न ही हाथ धोने के लिए साबुन रखे हुए है। इस दिशा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर क्षेत्र के लोगो का कहना है कि पाली अस्पताल में कार्यरत छोटे से लेकर बड़े कर्मचारियों को अपनी सेवाएं निरंतर देना चाहिए तथा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भी इनके कार्यों पर सतत निगरानी रखनी चाहिए। लापरवाही करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ग्रामीण इलाके से आए मरीजो को समुचित स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों को भी इनकी सेवाएं सुनिश्चित कराने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। बहरहाल शासन जिस उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन कर रहा है। वह उद्देश्य पाली चिकित्सालय में नहीं दिखता।

# द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन ने किया वाटर कूलर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी साल भर सेवा गतिविधि करते रही है, चाहे सामाजिक गतिविधि हो या प्रशाशनिक गतिविधि। इसी तारतम्य में लॉयन्स क्लब के स्थायी प्रोजेक्ट के अंतर्गत रविवार को बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्लब के द्वारा छुरी स्तिथ अटल व्यवसाई परिसर में एमजेएफ ला रिपुदमन पुसरी वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय निर्वाचित 24-25 के मुख्य आतिथ्य व पीएमजेएफ ला राजकुमार अग्रवाल पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरमैन एवं श्रीमती मधु अग्रवाल पार्षद नगर पंचायत छुरी के विशिष्ट अतिथि में लोकार्पण किया गया।

क्लब के सदस्यों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। ततपश्चात अतिथियों के द्वारा फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ किया गया। क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया ने कहा कि काफी समय से छुरी में वाटर कूलर की कमी



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित क्लब के सदस्य।

देखी गई, जिसको देखते हुए पीएमजेएफ ला डा.राजकुमार अग्रवाल सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा वाटर कूलर का सहयोग लेते हुए शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिपुदमन पुसरी ने बताया कि निश्चित ही इस भीषण गर्मी में लॉयन्स क्लब कटघोरा छूरी ने जिस सोच के सांथ मानवता की सेवा की जो मिशाल दी है वह सराहनीय है। निश्चित ही लगाए गए इस वाटर कूलर का सभी नगरवासियों को लाभ मिलेगा। पीएमजेएफ ला डा.राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सामाजिक कार्यों में आगे रही है। इनके द्वारा पूर्व में भी स्थाई प्रोजेक्ट में डायलिसिस सेवा सेंटर, शव फ्रिजर, वाटर कूलर, पानी टंकी का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छुरी में 150 लीटर क्षमता के वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रायपुर से आये मोहन छाबड़ा, पार्षद श्रीमती मधु अग्रवाल, दर्शन सिंह, क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, संरक्षक राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचन्द अग्रवाल, पार्षद हीरालाल यादव, अजय श्रीवास्तव, राजुदास दीवान, मनोज अग्रवाल, टेकचन्द अग्रवाल, नंद कुमार देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# अशोक वाटिका मुख्यमार्ग पर भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग



अशोक वाटिका के दोनों ओर खड़े भारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारी वाहन चालकों के बेतरतीब ढंग से पार्किंग के कारण परेशानी बढ़ी हुई है। अशोक वाटिका के पास मुख्यमार्ग पर भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही उद्यान में हरेभरे पेड़-पौधे, रंग-बिरंगी लाइटें, फौव्वारे के बीच ठंडकता का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं लेकिन उद्यान के पास भारी वाहनों की बेतरतीब से लोग परेशान हैं। मार्ग पर भारी वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। कई बार सडक़ के दोनों ओर दो कतार में भारी वाहनों का रेलमपेल लगा रहता है। मार्ग पर कई जगह पर्याप्त लाइट की सुविधा नहीं है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इस कारण कई लोग मार्ग में अव्यवस्था की वजह से उद्यान आने से बच रहे हैं।

# व्यय प्रेक्षक ने एसएसटी लबेद का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने रविवार को

**खास बात**

- एमसीएमसी, वीवीटी का किया अवलोकन, सहायक लेखा टीम की ली बैठक

रामपुर विधानसभा अंतर्गत बनाए गए स्थैतिक निगरानी दल के जांच पॉइंट लबेद का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने के उददेश्य से



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते प्रेक्षक।

सामग्री परिवहन आदि पर नजर रखने और जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान नोडल अधिकारी व्यय मनोज कुमार बंजारे, लाइजनिंग अधिकारी चंद्रकांत टिकारीहा उपस्थित थे।

व्यय प्रेक्षक ने सहायक व्यय लेखा टीम के अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर निर्वाचन व्यय संबंधी जानकारी दी। श्री मुकेश कुमार ने जिला मुख्यालय में संचालित मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण इकाई का भी निरीक्षण किया। यहां प्रभारी अधिकारी प्रिंट मीडिया इकाई श्री भागवत साहू सहित अन्य प्रभारी अधिकारियों द्वारा पेडन्यूज के संबंध में की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने यहां प्रतिदिन के अखबारों, टीव्ही चैनलों, सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही प्रचार संबंधी सामाग्रियों को चिन्हित कर पेड न्यूज के प्रकरण हेतु प्रेषित करने और व्यय शाखा को रिपोर्ट प्रदान करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान भ्रामक खबरों तथा विज्ञापनों पर भी नजर रखने कहा। प्रेक्षक ने वीडियो अवलोकन कक्ष,सी-विजिल में की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली और निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी दी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

# व्यक्तित्व, समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में खेलो की अहम भूमिकाः उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के खिलाड़ियों ने 37 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 44 पदक जीतकर जिले को दिलाई विजेता टीम ट्राफी छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में

**खास बात**

- 11वीं राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग स्पर्धा संपन्न

कोरबा जिला किकबाक्सिंग एसोसिएशन एवं सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में 7 से 15 वर्ष के बालक बालिकाओं की चिल्ड्रन एवं कैडेट वर्ग की जिला स्तरीय किकबाक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 20 अप्रैल को होटल हरिमंगलम में संपन्न हुआ। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती तारकेश मिश्रा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 200 बालक बालिका किकबाक्सिंग खिलाड़ियों एवं ऑफिसियल ने अलग अलग वजन वर्ग के अंतर्गत प्वाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक




लाइट, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स के इवेंट्स में हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, विशिष्ट अतिथि डी सुरेश क्रिस्टोफर, उपाध्यक्ष गुलशन अरोरा, जिला फेंसिंग संघ के उपाध्यक्ष अंकित वर्मा, राहुल मोदी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग में हर्षिता यादव ने स्वर्ण पदक, दिव्या कर्ष स्वर्ण, कीर्ति साहू स्वर्ण, श्रृष्टि मिश्रा स्वर्ण, आराध्या सिंघल स्वर्ण, वृंदा अग्रवाल स्वर्ण, मनसा सिन्हा स्वर्ण, अवन्या तिवारी स्वर्ण, अन्या पी थांकचन स्वर्ण, रुत मानिकपुरी स्वर्ण, नफिया सिद्दीकी स्वर्ण एवं बालक वर्ग में प्रद्युम गोयल स्वर्ण, अप्रतिम पांडेय स्वर्ण, वैदिक पलेरिया स्वर्ण, चिराग चौहान स्वर्ण, विवान अग्रवाल स्वर्ण, शलोक राज राठौर स्वर्ण, रुद्रा प्रताप यादव स्वर्ण, शिवम यादव स्वर्ण , उज्वल कांस्य, हर्ष स्वर्ण, रुद्रा कुमार यादव कांस्य, शिवा साहू स्वर्ण, अमीन खान स्वर्ण, आर्यन दास कांस्य, सौकरजा साहा स्वर्ण, खुशाल साहू स्वर्ण, श्रोत दास मानिकपुरी स्वर्ण, आशुतोष गुप्ता स्वर्ण, चिराग चौहान रजत, मोहम्मद अर्श ने कांस्य पदक जीता। इस प्रकार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले ने 37 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 44 पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# पोड़ीबहार के युवाओं ने श्रमदान कर बदली तालाब की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तालाबों की सफाई से लेकर सौंदर्यीकरण तक की बागडोर संभालने के लिए युवा आगे आ रहे हैं। बिना सरकारी सहयोग से युवा अब श्रमदान करके अपने क्षेत्र की तस्वीर बदल रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा वार्ड क्रमांक 29 में देखने को मिला, जहां वार्ड के युवाओं की टोली ने वार्ड में स्थित तालाब का काया पलट कर दिया। कभी तालाब जन जीवन का एक जरूरी हिस्सा हुआ करता था, पीने के पानी की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वे उनके सामाजिक ताने-बाने से भी जुड़े थे। धार्मिक और पेयजल दोनों उद्देश्यों के लिए उनका सम्मान किया जाता था और उन्हें बनाए रखने की हरसंभव कोशिश भी। लेकिन जैसे-जैसे हैंडपंप और पाइप से पानी आने लगा स्थानीय जल निकाय धीरे-धीरे गायब होने लगे। असंख्य तालाबों पर अतिक्रमण कर लिया गया। जहां पहले तालाब थे, वहां अब इमारतें, घर, खेल के मैदान या कूड़े के ढेर हैं। बढ़ते जल संकट के साथ बदलते परिवेश में तालाबों का संरक्षण और पुनरुद्धार जरूरी हो गया है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए इन युवाओं के द्वारा बिना किसी सरकारी मदद के लगातार एक हफ्ते तक सुबह शाम मेहनत करके तालाब की सफाई की गई है।

**हनुमान जयंती पर होगा शोभायात्रा का आयोजन**

तालाब की सफाई कर रहे युवाओं ने बताया कि 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर वार्ड में शोभा यात्रा का आयोजन किया। तालाब के समीप संध्या में हनुमान की आरती 5100 दीए से तालाब परिसर को सजाया जाएगा। युवाओं ने कोरबा के लोगों से आग्रह किया कि हनुमान जयंती के दिन वार्ड क्रमांक 29 पोडीबहार के तालाब परिसर में जरूर पहुंचे। बड़े कार्यो के लिए निश्चित तौर पर सरकारी और कॉरपोरेट सेक्टर की मदद जरूरी हो जाती हैं और तब कहीं जाकर अपेक्षा के अनुरूप नतीजे प्राप्त हो पाते हैं। लेकिन इसके लिए जो प्रक्रियाएं होती हैं उनमें काफी समय जय होता है और कई मौके पर उम्मीद टूट भी जाती है। ऐसे में लोगों को तात्कालिक तौर पर खुद होकर कोशिश करनी पड़ती है और बहुत कुछ त्याग भी करना पड़ता है। पोडीबहार तालाब के मामले में भी कुछ इसी तरह का काम लोगों की सोच से संभव होता नजर आ रहा है। लंबे समय तक तालाब की तस्वीर इसी प्रकार की रहे इसके लिए भी उपयोग करने वाले लोगों को गंभीरता दिखानी होगी।

# भारतीय योग संस्थान ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय योग संस्थान ने अपने स्थापना के 58वें वर्ष पूर्ण कर लिए है। इस मौके को यादगार बनाने के लिए योग संस्थान ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। संत कंवर राम उद्यान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने योगाभ्यास भी किया। कोरबा के संत कंवर राम उद्यान में रविवार को योग पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय योग संस्थान के 58वें वर्ष पूर्ण होने के मौके पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 1967 को संस्थान की स्थापना हुई थी, जिसके बाद से ही यह संस्थान लगातार लोगों को योग की शिक्षा दे रहा है। भारतीय योग संस्थान कोरबा की प्रमुख श्रीमती आभा अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था 58 वर्ष से निरंतर योग के जरिए लोगों की सेवा करती आ रही है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, संपादक कमलेश यादव और पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशनलाल दावड़ा द्वारा लोगों को योग की महत्ता समझाई गई और बताया गया, कि योग किस तरह आपके जीवन में परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रुप से योगाभ्यास भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी निभाई।

# सबको 25 लाख तक का इलाज, मजदूरों को मिलेगा जीवन बीमा का लाभ : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना है जो गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और युवाओं के लिए न्याय करेगी। मनरेगा के मजदूरों को दोगुनी मजदूरी देने के साथ उनका बीमा भी किया जाएगा ताकि परिवार को भी राहत मिल सके। देशभर में कांग्रेस सरकार 25 लाख रुपए तक का ईलाज निःशुल्क कराने की सुविधा देगी जो वर्तमान में मात्र 5 लाख रुपए तक है।

उक्त बातें लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनबेरी, बाता, सरईसिंगार, भिलाईबाजार में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार की महिला को साल का एक लाख रुपए सम्मानजनक राशि दी जाएगी। किसानों का कर्ज माफ करने से उनके जीवन में खुशहाली आएगी और कृषि सामग्रियों की खरीदी में लगने वाला टैक्स भी कांग्रेस माफ करेगी। सांसद ने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार देंगे, रसोई गैस सस्ती होगी।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, प्रभा सिंह तंवर, सम्मेलाल कश्यप, पदुम सिंह कंवर, फूलचंद कश्यप, शिव सिंह कंवर, महेश अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, अनिता राठौर, गैतराम पाटले, कृष्ण सिंह राजपूत, गजेन्द्र साहू, शुकवारा महंत, शत्रुघन सिंह कंवर आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कांग्रेस राज में...

आज हम सब लोक यहां पर आए हैं आप लोगों को तीसरे चरण का मतदान करना है। पिछले 10 वर्षों में आपने मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत को देखा है। भाजपा विकास के बड़े बड़े दावे लेकर आता है, रेलवे हाईवे, आईआईटी, एक्सप्रेस वे, आईआईएम, एम्स, मेडिकल कॉलेज और हर घर की योजना भाजपा सरकार की पहचान बन गई है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई शानी नहीं है। याद कीजिए वर्ष 2014 के पहले सुश्री सरोज पांडेय भी सांसद थी वह सांसद में लगातार मांग करती रही कि छत्तीसगढ़ को विकास चाहिए उस समय कांग्रेस की सरकार थी। एक समय था जब कांग्रेस के राज में देश की जनता भूखे मरती थी। आज मोदी 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन का लाभ दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी बीजेपी के शासन में मुफ्त चावल मिल रहा है। वर्ष 1947 में बहुत टशन के साथ पाकिस्तान भारत से अलग हुआ आज पाकिस्तान की 32 करोड़ जनता भूखे मर रही है। कांग्रेसी तो कमीशन खाने के आदी हैं। उनकी कमीशनखोरी को लगाम लगाने के लिए, पीएम मोदी ने जन-धन अकाउंट खोले हैं। दिल्ली और रायपुर से अगर पैसा आपको भेजा जाएगा तो उसमें कोई कांग्रेसी दलाल डकैती नहीं डाल पाएगा। उन्होंने कहा कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला किया। शराब, कोयला यहां तक की गोबर में भी उन्होंने घोटाला कर दिया। कांग्रेस ने भगवान को भी नहीं छोड़ा महादेव एप के नाम पर भी घोटाला कर दिया। कांग्रेस ना सुरक्षा दे सकती है ना विकास की बड़ी परियोजना ला सकती है। आम सभा को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, लोकसभा के सहसंयोजक मनोज शर्मा, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृतिः पहले केंद्र का पैसा राज्यों में भेजा जाता था तो उसमें भ्रष्टाचार होता था परन्तु अब सीधे जन-धन खातों में चला जाता हैं। 11 करोड़ शौचालय का निर्माण हो चुका है। 10 करोड़ रसोई गैस 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास, 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास बनने नहीं दिया परंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। आज देश में 2.5 करोड़ गरीबों के घर में बिजली कनेक्शन है।

### बच्चों को राहत...

15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। पूर्व में ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक दिया जाता था। जिसमें संशोधित करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा द्वारा नये आदेश 22 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश जारी किया है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### जिला एवं सत्र न्यायालय में भृत्य, फर्राश के पदों के लिए आवेदन 24 तक

**कोरबा।** जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा की स्थापना द्वारा जारी किए गए जिसके अंतर्गत भृत्य, फर्राश एवं दफ्तरी कम फर्राश तथा आकस्मिता निधि (चौकीदार, वॉटर मैन एवं स्वीपर) के रिक्त पदों पर छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना (भर्ती एवं सेवा शर्तें) कर्मचारी नियम 2023 के प्रावधानों के अनुसार विज्ञापन की शर्तें एवं चयन प्रक्रिया को संशोधित किया गया है तथा पूर्व में प्रस्तुत सभी आवेदन को वैध मानते हुए 24 अप्रैल तक वंचित उम्मीदवारों को आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला न्यायालय कोरबा के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**हरदीबाजार।** ग्राम धतुरा बस्ती में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का कलशयात्रा के साथ आरंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने के पहले दिन घर से बस्ती भ्रमण करते हुऐ देव स्थल, तालाब से जल भर कर कलशयात्रा कथास्थल पहुंची। उसके बाद वेदीपुजन, देवपुजन के बाद श्रीमद् भागवत कथा आरंभ हुई। कथावाचक आचार्य पं.विजय कुमार शर्मा जांजगीर वाले हैं, जो अपने मुखारविंद से कथा श्रवण करायेंगे। कथा समय दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगी एवं 20 अप्रैल से चालू होकर 28 अप्रैल को हवन, शस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन के साथ तक कथा विश्राम होगा। पंडित शैल कुमार मिश्रा के द्वारा सभी अनुष्ठान संपादित किया जायेगा। कथा के मुख्य यजमान, रूपलाल राठौर दिलेश्वरी राठौर, संजू राठौर कीर्ति रेवती राठौर, रविन्द्र राठौर, रागिनी राठौर, नरेंद्र राठौर ने गांव व जनमानस को कथा श्रवण करने व भोजन भंडारे में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### सहायक डाक अधीक्षक को दी गई विदाई



**बरपाली।** सहायक डाक अधीक्षक आर देवांगन का स्थानांतरित बिलासपुर होने पर उप डाक भैसमा के अन्तर्गत आने वाले सभी शाखा डाकघर एवं उप डाकघर मिलकर भैसमा उप डाकघर में विदाई दी गई। जीआर देवांगन सहायक डाक अधीक्षक कोरबा में पहले प्रमोशन मे जगह मिली थी, इसके पूर्व वे संभागीय उप निरीक्षक जमनीपाली में थे। वे इन स्थानों मे रहकर सभी कर्मचारियों से टीम भावना लेकर काम लेते रहे। उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बिदाई समारोह में उप डाक पाल भैसमा पुलसते, लिपिक विश्वकर्मा, शाखा डाक पाल, सहायक शाखा डाक पाल, मेल ओव्हर, सियर विक्रम सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### दो ट्रेलर में भिड़ंत, केबिन में फंसे परिचालक



**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर दर्री एनटीपीसी मार्ग पर दो ट्रेलर वाहन की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में एक ट्रेलर वाहन का परिचालक केबिन में ही फंस गया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बड़ी मशकक्त के बाद केबिन में फंसे परिचालक को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाय जहां उनका उपचार जारी है।

## बिजनेस प्लस




### किलर शो-रूम का शुभारंभ

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय गारमेन्ट ब्राण्ड 'किलर' के एक्सक्लूसिव शो रूम का शुभारंभ 19 अप्रैल को कोरबा के 'पाम मॉल' में हो चुका है। यह गिने-चुने उन भारतीय ब्रांड में शामिल है जो कि मूलतः पूरी तरह से भारत में बना तथा डिजाइन किया जाता है। किलर एक जीन्स (डेनिम) ओरिएन्टेड ब्रांड है जो कि काफी पुराने समय से भारतीय रेडिमेड मेन्स-वियर के मार्केट में राज कर रहा है। इसमें जीन्स (डेनिम) के अलावा शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, ब्लेजर इत्यादि सभी प्रकार के मेन्सवियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। 'किलर' ब्रांड कम कीमत में बेहतरीन डिजाईन एवं क्वालिटी के प्रोडक्ट के लिए मशहूर है।

# एक भवन में ही चल रहे हैं एलोपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जिले में चल रहे प्रचार प्रसार की कड़ी में जिले के दूरस्थ ग्राम मोरगा में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा का लाभ 8 ग्राम पंचायतों के 34 गांव के लोगों को मिल रही है, किंतु अब तक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को अपना भवन नहीं मिल सका है। पीएचसी के ही एक कमरे में संचालित आयुर्वेद डिस्पेंसरी में प्रतिदिन 20 से 25 मरीज ग्रामीण अंचलों से पहुंच रहे हैं।

अलग खबर

दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भवन का निर्माण किया जाने लगा है। एलोपैथिक चिकित्सा सुविधा के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भवन का निर्माण हुआ, तो वहीं दूसरी ओर आयुर्वेद डिस्पेंसरी के लिए भवन निर्माण का प्रस्ताव अभी भी जिला स्तर पर अटका हुआ है। अपातकालीन चिकित्सा के लिए एलोपैथिक चिकित्सालय भी संचालित हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में ही दोनों सुविधाएं एक साथ चल रही है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण यहां दूरदराज के ग्रामीण इलाज के लिए पहुंचते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रचार प्रसार के लिए ग्रामीण अंचलों में शिविर भी लगाए जाने लगे हैं। पूर्व में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाना तो दूर की बात वहां के ग्रामीण चिकित्सालय ही नहीं पहुंचते थे। आज स्थिति यह है कि ग्रामीण अंचलों के लोग आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरूक होकर इलाज कराना शुरू कर दिए हैं। यहां पदस्थ चिकित्सक की मानें तो क्षेत्र में आयुर्वेद चिकित्सा का प्रचार प्रसार की गहन जरूरत है। इसके लिए कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन 25 से 30 मरीज सुबह के समय ही पहुंचते हैं। आकस्मिक चिकित्सा सुविधा भी डिस्पेंसरी में दी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के लिए शिविर की सुविधा उनकी मांग के अनुसार दी जा रही है।

## अब तक नहीं मिला आयुर्वेद डिस्पेंसरी को अपना भवन

**खास बातें**

- मोरगा क्षेत्र के 35 गांव तक पहुंच रही आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा
- प्रतिदिन 25 से 30 मरीज पहुंचते हैं आयुर्वेद अस्पताल



**औषधियों का भंडार**

केंदई वनांचल क्षेत्र में वन औषधियों का भंडार है, किंतु अब तक इसके लिए सर्वे का काम किसी भी विभाग के द्वारा नहीं किया गया है। विभाग ने अपनी ओर से एक प्रस्ताव वन विभाग को भेजा है ताकि यहां मिलने वाली वन औषधियों की पहचान की जा सके।

## शाम ढलते ही बन जाता है असामाजिक तत्वों का अड्डा

# ना बिजली और ना ही पानी, उजड़ गया सर्वेश्वरी मंदिर का उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री बांध के समीप प्रगतिनगर क्षेत्र में बनाया गया सर्वेश्वरी मंदिर उद्यान अब उजड़ गया है। न तो यहां बिजली की व्यवस्था है और ना ही पानी की। सुविधाओं की दरकार मंदिर और सर्वेश्वरी उद्यान में बनी हुई है। टूटी कूर्सी और टूटे झूले अब इस उद्यान की पहचान बनती जा रही है। एक बड़ी राशि खर्च कर उद्यान को नया स्वरूप दिया गया था। आज वह उस स्वरूप को तरस रहा है।

शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों में भी शाम के समय आमजनों के लिए घूमने के लिए कोई बड़े गार्डन नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। एनटीपीसी के सिल्वर जूबिली पार्क के अलावा अन्य किसी स्थान में ऐसे कोई गार्डन नहीं दिख रहे हैं। दर्री प्रगतिनगर क्षेत्र में बनाया गया सर्वेश्वरी मंदिर उद्यान को आम लोगों के लिए एक बड़ी राशि खर्च कर तैयार किया गया था, जिसके तहत उद्यान में कुर्सी, झूले और अन्य सुविधाएं दी गई थी। लाईट भी लगाई गई थी, गार्डन के तैयार होने के बाद दर्री क्षेत्र के लोगों को एक सर्व सुविधायुक्त गार्डन मिल गया था, लेकिन धीरे धीरे गार्डन की तस्वीर बदलती गई। आज स्थित यह है कि जो गार्डन शाम ढलने के बाद गुंजायमान हुआ करता था और रात में लाइटों से जगमगाया करता था आज वह अंधेरे में समाया हुआ है। न तो अब लोग वहां आते हैं और न अब गार्डन जैसा नजर आता है। असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। आसपास के निवासी बताते हैं कि गार्डन में कभी भीड़ हुआ करती थी आज वह स्थिति नहीं है।



सर्वेश्वरी मंदिर का उद्यान जहां बैठने के लिए कुर्सियां भी नहीं।

**नहीं बनी कोई कार्य योजना**

सर्वेश्वरी उद्यान को संवारने के लिए अभी कोई नई योजना नहीं बनी है। हालांकि हसदेव बराज के किनारे नगर निगम ने एक सर्वसुविधायुक्त गार्डन का निर्माण जरूर करा दिया है जहां विद्युत मंडल आवासीय परिसर के लोग उक्त गार्डन में पहुंचते हैं। गार्डन को आकर्षक रूप देने के लिए नगर निगम के द्वारा सिंचाई विभाग के सहयोग से एक बड़ी राशि खर्च की है। सर्व सुविधायुक्त गार्डन में शाम ढलते ही भीड़ भी दिखती है। सर्वेश्वरी उद्योन की ओर अब लोग जाना मुनासीब नहीं समझते हैं।

# रखरखाव के अभाव में भवन हो रहे जर्जर, नहीं हुई कोई खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पीजी कॉलेज में खेल सुविधाओं को लेकर इनडोर बैडमिंटन कोट का भवन बनाया गया था। खेल मैदान से लगा यह भवन रखरखाव के अभाव में अब यह जर्जर हो चुका है। डीएमएफ मद से बने इस भवन में अब तक किसी तरह की कोई प्रतियोगिता नहीं हुई है, जबकि प्रतिवर्ष महाविद्यालय से प्रतिवर्ष बैडमिंटन स्पर्धा में भाग लेने छात्र छात्राएं विश्व विद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।

महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं को लेकर पीजी कॉलेज की एक अपनी पहचान है। विश्वविद्यालय खेल कैलेंडर के अनुसार यहां महाविद्यालयीन स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। जिले का सबसे बड़ा कॉलेज होने के कारण खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय के पीछे इनडोर बैडमिंटन कोट का निर्माण डीएमएफ मद से किया गया था। निर्माण में एक बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी वह अपने अस्तित्व में नहीं आ सका। रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर होने की स्थिति में पहुंच चुका है। स्थिति यह है कि भवन का मेन गेट ही गायब हो चुका है। साथ ही भवन के अंदर टाईल्स आदि भी उखड़ चुके हैं। बिजली के लगे सामान भी गायब हो चुके हैं। अब वह भवन किसी भी प्रतियोगिता के लिए उपयुक्त नहीं रहा। स्थिति यह है कि आसपास झाड़ियां उग जाने से भवन के अंदर प्रवेश करना ही मुश्किल प्रतीत होता है। सुबह खेलने के लिए आने वाले खिलाड़ियों ने बताया कि जिस तरह की व्यवस्था व सुविधाएं खिलाड़ियों को महाविद्यालय में होनी चाहिए वैसी नहीं मिल रही है। बड़ी राशि खर्च करने के बाद बनाया गया इतना बड़ा भवन इसका उदाहरण है। जिसके रखरखाव में कॉलेज प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।



पीजी कालेज का हॉस्टल और मैदान।

**पेयजल की सुविधा नहीं**

महाविद्यालय के पीछे ग्राउंड में सुबह आने वाले खिलाड़ियों के लिए पेयजल तक की सुविधा नहीं है। गर्मी के दौर में खिलाड़ी घर से पानी ला रहे हैं। खिलाड़ियों के अलावा प्रतिदिन लोग गाउंड अपने अभ्यास के लिए आते हैं। दौड़ने व वाकिंग के अलावा व्हालीवॉल फुटबॉल और क्रिकेट की प्रैक्टिस खिलाड़ी करते हैं, किंतु पीने के लिए पानी उन्हें नहीं मिलता। इसके साथ ही कॉलेज मैदान के कुछ हिस्से अभी भी झाड़ियों से ढके हुए हैं, जिसकी सफाई भी नहीं की जा रही है। आसपास झाड़ियों की सफाई किए जाने से मैदान का दायरा बढ़ जाएगा और जिन हिस्से का उपयोग अभी नहीं हुआ है उसका भी उपयोग होने लगेगा।

# तालाब में मिली लाश जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जल्के पंडोपारा में महुआ बीनने के लिए आई महिला की तालाब में आधी रात को तैरती लाश मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फूलबतिया बाई पंडो 50 वर्ष पति रतन पंडो ग्राम बरईयाडांड थाना प्रेमनगर जिला सूरजपुर में निवास करती थी। कोरबी चौकी क्षेत्र में महुआ फल के बहुतायत होने पर रिश्तेदारों के बुलावे पर महुआ बिनने के लिए एक माह से आकर यहां रूकी हुई थी। रोजाना महुआ फल तैयार होने पर संग्रहण कर रही थी। दो दिन पूर्व उक्त महिला अपने घर से सारा काम निपटाकर तालाब में नहाने के लिए पंडोपारा जल्के चौकी कोरबी गई थी लेकिन तालाब किनारे कहीं कोई जानकारी नहीं मिलने तथा तालाब में हलचल नहीं होने के कारण किसी को जानकारी नहीं हुई। जबकि उसके घर वालों को यह आभास था कि वह तालाब में जरूर डूबी हुई है। इस वजह से उसकी खोजबीन दो दिनों से जारी थी। अंततः शनिवार की देर रात को उक्त महिला की तालाब में तैरती लाश बाहर आ गई। इसके बाद मृतक के परिजनों की सूचना पर कोरबी चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही कर उसे पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

# पिकनिक मनाने गए दो युवक डूबे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भीषण गर्मी को लेकर लोग स्वीमिंग पुल, वेवपुल और पिकनिक स्पॉट के जलाशयों में पहुंचने लगे हैं, लेकिन लापरवाही भारी पड़ सकती है। ऐसा ही कुछ मामला कटघोरा क्षेत्र में कोडा नदी में सामने आया, जहां नदी में छलांग लगाने वाले युवक डूबने लगे। एक को किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन दूसरे की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कटघोरा निवासी विपिन दुबे 25 वर्ष रविवार की छुट्टी होने पर अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोडा नदी आया हुआ था। गर्मी से राहत पाने विपिन ने अपने एक साथी के साथ नदी में छलांग लगाई। गहराई अधिक होने के कारण विपिन और उसका साथी डूबने लगे। पास मौजूद सुभाष नामक व्यक्ति ने चींख पुकार सुनकर नदी में छलांग लगाई और एक युवक को बचा लिया, जबकि विपिन की डूबने से मौत हो गई। उसके शव को पानी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना कटघोरा पुलिस को दी गई। रविवार होने की वजह से झोराघाट में लोगों की भीड़ थी। फिलहाल पुलिस ने मामले में सूचना दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।



घटनास्थल पर जांच की कार्यवाही करती पुलिस।

# बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से ससुर दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां ससुर को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश कर रही है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत शक्तिनगर में रामखिलावन 60 वर्ष निवास करता था। वह अपने दामाद झुक्खीराम चुटैल 55 वर्ष के साथ शनिवार को कहीं गया था। ससुर दामाद अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। वे मुख्यमार्ग में गेवरा सब स्टेशन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार ससुर दामाद सडक़ पर जा गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई। लोग मौके पर एकत्रित होते, इससे पहले चालक बोलेरो सहित फरार हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से ससुर दामाद को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस की मानें तो अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया, जबकि दामाद का इलाज जारी है। पुलिस दुर्घटनाकारित बोलेरो व चालक की तलाश कर रही है।

# पर्यावरण संरक्षण मंडल की अध्यक्ष ने किया कुसमुण्डा खदान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर की अध्यक्ष आर. संगीता ने कुसमुंडा ओपन कास्ट विस्तार परियोजना का दौरा किया। एसईसीएल निदेशक तकनीकी फ्रैंकलिन जयकुमार के साथ उन्होंने खदान के कार्यसंचालन के बारे में जाना।

इस दौरान कुसमुंडा टीम ने बताया कि किस तरह कुसमुंडा खदान छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है और बीते वित्त वर्ष 23-24 में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल करने वाली देश की दूसरी खदान बनी है। खदान में कोयला निकालने के लिए ब्लास्टिंग-रहित अत्याधुनिक तकनीक से लैस सरफेस माइनर का प्रयोग के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि तीसरे चरण के सी.एच.पी. के पूरा होने के बाद, 95 फीसदी कोयला निकासी मशीनीकृत साधनों कवर्ड बेल्ट कन्वेयर और साइलो द्वारा रेक में स्वचालित लोडिंग द्वारा की जाएगी। परियोजनाओं के डिजिटलीकरण के बारे में भी विस्तार से बताया गया जो इंडस्ट्री 4.0 के लिए एक प्रयास है। रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र, 5 इलेक्ट्रिक व्हीकल, ई.टी.पी.,सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव, डम्पर धुलाई जैसे औद्योगिक उद्देश्यों के लिए खदान के पानी का पुनः उपयोग जैसी हरित पहल की सराहना की गई। अध्यक्षा को जानकारी दी गयी कि एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य के अनुरूप समग्र अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की जा रही हैं। दौरे के दौरान अध्यक्षा के द्वारा रीक्लेम्ड ओबी डम्प पर पौधरोपण भी किया गया।



### शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम का दूरभाष नं. 07759-221096 है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## ककना स्थित शांति राइस मिल का मामला, लाखों के नुकसान का अनुमान

# राइस मिल में लगी भीषण आग, 6 दमकल वाहन लगी आग बुझाने में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रविवार की दोपहर ककना स्थित राइस मिल में भीषण आग लग गई। चावल व धान के गोदाम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके साथ ही दमकल की टीम को सूचना दी गई। सूचना के बाद अंबिकापुर से 4 व बलरामपुर एवं सूरजपुर से 1-1 से एक दमकल वाहन मौके पर पहुंची और दमकल विभाग द्वारा आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया।

घंटों मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है और समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य जारी था। इस घटना में संचालक को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है जबकि शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ककना में अंबिकापुर निवासी योगेश अग्रवाल की शांति राइस मिल संचालित है। राइस मिल में भारी मात्रा में धान व चावल का भण्डारण किया गया है। रविवार की दोपहर राइस मिल के गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख वहां काम करने वाले कर्मचारियों ने इसकी जानकारी संचालक को दी जिसके बाद संचालक ने तत्काल पुलिस व एसडीएम को मामले की जानकारी देकर मदद मांगी। सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, चौकी प्रभारी सुभाष कुजूर मौके पर पहुंचे इसके साथ ही दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर अंबिकापुर से कमांडेंट एसके कठोतिया के नेतृत्व में दमकल की दो वाहनें ककना पहुंची जबकि एक दमकल वाहन बलरामपुर से मंगवाया गया। दमकल विभाग द्वारा आग आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग इतना विकराल रूप ले चुकी थी कि दमकल की टीम को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग पर कम नहीं होने पर अंबिकापुर के साथ ही सूरजपुर से भी दमकल की और गाड़ियां मंगवाई गई। अंबिकापुर से 4 एवं सूरजपुर व बलरामपुर से 2 कुल छह दमकल वाहनों की मदद से आग बुझाया जा रहा था लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

